PGDCA
Semester-2
आई. टी. ट्रेन्ड्स एण्ड टेक्नोलॉजीज

New Syllabus

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल, के नई परीक्षा प्रणाली के अनुसार

Narendra Publication's

Best Question Bank

Author : Mr. Narendra Tiwari

आई. टी. ट्रेन्ड्स एण्ड टेक्नोलॉजीज

NARENDRA PUBLICATION

Created by Universal Document Converter

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के नये सिलेबस के आधार पर

Narendra's BEST Question Bank

आई. टि. ट्रेन्ड्स एण्ड टेक्नोलॉजिज

- सरल भाषा
- सटिक उत्तर
- सिलेक्टेड प्रश्न–उत्तर
- शिक्षकों द्वारा प्रमाणित

SAMPLE

प्रकाशक
नरेन्द्र पब्लिकेशन, नागपुर

Created by Universal Document Converter

Unit -1

3. **e-democracy क्या है? समझाइए**
What do you mean by e-democracy? Explain
या
e- democracy को विस्तार से समझाइए
Explain e-democracy in detail

उत्तर :– जैसे शासन के सभी कामो में इलेक्ट्रानिक या सूचना तकनीक का प्रयोग हो रहा है, वैसे सरकार बनाने के लिए भी इस तकनीक का उपयोग हो रहा हैं। लोकतत्रं के प्रयोग में सूचना प्रणाली के प्रयोग को **e-democracy** कहा जाता हैं। राजनैतिक दल, मतदाता, चुनाव, इलेक्टानिक डिवाइस एवं सूचना तकनीक यह ई–डिमोक्रेसी प्रणाली के घटक हैं। सभी गणतत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव बहुत महत्वपूर्ण घटना होती हैं। इसे सही तरीके से एवं तेजी से करने के लिए इलेक्ट्रानिक पद्धती एवं संचार माध्यमो का प्रयोग किया जाता हैं। इस प्रणाली से नागरिको की चुनाव में सहभागिता बढती हैं। यद्यपी पांरपरिक चुनाव प्रणाली से इस प्रणाली को अलग नही किया जा सकता हैं। बहुत से देशो में इस प्रणाली का उपयोग शुरू हो चुका है, भारत देश में इलेक्ट्रानिक डिवाइस से वोटिंग की जाती हैं। चुनाव के अतिरिक्त लोकतंत्र की विभिन्न प्रक्रिया में भी कम्प्यूटर या इंटरनेट का उपयोग होता हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता को प्रभावित करने के लिए भेजे गये **SMS** संदेश, राजनैतिक पार्टी की वेब साईट भी ई डिमोक्रेसी के अंतर्गत आते हैं। **social networking** भी लोकतंत्र में लोगों को उम्मीदवार चुनने में प्रभावित करती हैं। लेकिन इस प्रणाली को अपनाने के लिए उस देश में संचार माध्यम का अच्छा नेटवर्क होना आवश्यक हैं।

ई डिमोक्रेसी की सफलता में नागरिकों की सहभागिता एवं चुनाव प्रणाली में दिलचस्पी यह दो महत्वपूर्ण कारक हैं। नागरिकों की सहभागिता को **e-participation** के नाम से जाना जाता है, यह सबसे महत्वपूर्ण घटक

Created by Universal Document Converter

हैं। सहभागीता को बढाने के लिए **e-voting** तकनीक का सहारा लिया जा सकता हैं। इस पद्धती में कोई नागरिक अपने स्मार्ट कार्ड या पहचान पत्र का प्रयोग कर कही भी मतदान कर सकता हैं। उसके लिए यह आवश्यक नही है, कि वह अपने शहर में ही मतदान करे। इसके लिए वेब साईट का भी उपयोग किया जा सकता हैं। इससे मतदान करने वालो की संख्या बढ सकती हैं। क्योकी वे घर बैठ कर मतदान कर सकते है, या यदि दूसरे शहर या देश में होने के बावजूद इच्छित उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं। इस प्रणाली में विभिन्न तकनीको की सहायता से वोट देने कि प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जा सकता है, जिससे मतदाता की प्रणाली पर विश्वास हो सके। यद्यपी यह प्रणाली पांरपरिक प्रणाली के साथ ही प्रयोग कि जा सकती हैं। लेकिन इस प्रणाली को बनाने के लिए बहुत अधिक दक्षता की आवश्यकता होती हैं।

e-democracy की योजना

सरकार में नागरिको की सहभागिता

सरकार नागरिको के लिए बहुत से कार्यक्रम बनाती है, तथा विभिन्न कानूनो को समय समय पर बदलती हैं। उन सभी के प्रभाव आम जनता पर पडता हैं। इसलिए सरकार कोई भी कानून या कार्यक्रम बनाने से पहले नागरिकों से राय लेती हैं। नागरिको की सहभाग से कानून या कार्यक्रम प्रभावी तरीके से बना सकते हैं। सूचना प्रणाली एवं संचार माध्यमो के आधुनिकरण से नागरिकों की सरकारी कामो में सहभागीत बढाने में मदद मिलती हैं। नागरिको की सहभागिता लोकतंत्र के लिए एक अच्छा कदम हैं। इस कार्य को **e-engagement** कहा जाता है,

e-engagement के उद्देश्य

लोकतंत्र में शासन एवं नागरिको के बीच में संवाद बहुत आवश्यक हैं। नागरिको की समस्या एवं सुझाव शासन तक पहुँचना चाहिए। तथा शासन द्वारा किये कार्य एवं सुविधाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुँचनी चाहिए। शासन एवं नागरिकों के आपस के संवाद के प्रकार है,

सूचना :– शासन अपने कार्य, सुविधाए एवं नीतियों की जानकारी नागरिको तक पहुँचाती हैं। इस प्रणाली में नागरिकों द्वारा मांगी गई

Created by Universal Document Converter

जानकारी को शासन द्वारा दर्शाया जाता है, एवं शासन कुछ जानकारीयॉ अपने वेब पोर्टल पर सभी के लिए उपलब्ध कराती हैं। जो जानकारीयॉ वेब साईट पर दर्शाई जाती है, वह पहले से हि सेट रहती हैं। उन जानकारीयों में से ही नागरीक को वांछित जानकारी प्राप्त करना पडता हैं।

परामर्श :– शासन अपनी विविध योजना के बारे में नागरिकों से सलाह मांगती है, तथा नागरिक सुझाव देते हैं। इसमे दोनो तरफ से संवाद होते हैं। इसमे नागरिक सिर्फ उसी विषय में परामर्श दे सकता है, जो विषय सरकार ने उसके सामने रखे हैं। साधारणतः सुझाव देने के लिए फॉरमेट बनाया जाता है, नागरिक उसी फॉरमेट में अपने विचार रख सकते हैं।

सक्रीय भागीदारिता :– कुछ कार्यो में विषयों में नागरिक सरकार के साथ सक्रिय भागीदार होता हैं। इसमे नागरिक कोई नीती या योजना बनाते समय ही अपनी राय देता हैं। यद्यपी अंतिम निर्णय सरकार ही लेती है, लेकिन नागरिको की राय की भी अहम भुमिका होती हैं।

आधुनिक सूचना तकनीक इन तीनों कार्यो को एक साथ या अलग–अलग करने में सक्षम हैं।

निम्न कारणो के लिए नागरिको की बेहतर सहभागीता निश्चित आवश्यक है

1. बेहतर एवं प्रभावी नीतियो को बनाना।
2. बनाई गई नीतियो की स्वीकार्यता को बढाना एवं अधिक विश्वसनीय करना।
3. नीति निर्धारण की जिम्मेदारीयों का साझा करना।

उपरोक्त कारणों को सही तरीके से पुरा करने के लिए सूचना तकनीक का प्रयोग किया जा सकता हैं। इसके लिए सूचना तकनीक की सहायता से एक प्रणाली बनाई जाती हैं। इस प्रणाली में निम्न घटको का ध्यान रखा जाता है

1. सभी या अधिकतम नागरिकों का सहभागिता निश्चित करना :– यह प्रणाली ऐसी बनाई जाती है, जो सभी नागरिको के पहुंच में हो। सभी वर्गो के लोगो के लिए उसमे कार्य करना आसाना हो।

Created by Universal Document Converter

2. कार्य के अनुरूप जानकारी रखना :– जो सूचनाएं नागरिको तक पहुंचाई जा रही है, वह उस कार्य से संबन्धित ही होनी चाहिए। अन्यथा प्रयोगकर्ता के भ्रमित होने कि संभावना हो जाती हैं। जो प्रणाली बनाई गई है, उस के उद्देश्य स्पष्ट होने चाहिए।
3. परामर्श देने में सक्षम :– सहभागिता के लिए बनाई गई प्रणाली में नागरिको को अपनी राय, सलाह देने कि सुविधा होनी चाहिए।
4. विश्लेषण करने योग्य :– जो जानकारी, सलाह आदि नागरिको से प्राप्त होती है, उसके लिए विश्लेषण करने योग्य प्रणाली बनाना आवश्यक हैं। क्योकि किसी नीती पर हजारो लोग अपनी अलग–अलग राय रखते हैं। उन सभी के विचारो का सही विश्लेषण करने से ही सही नितीयॉ बनाई जा सकती हैं।
5. उपयुक्त प्रतिक्रिया करने योग्य :– जो विचार नागरिको ने किसी विषय पर रखे उनका उत्तर सरकारी प्रणाली द्वारा देने के सक्षम प्रणाली होनी चाहिए। जिससे प्रयोगकर्ता या नागरिको का प्रणाली पर अधिक विश्वास हो सके।

e-engagement प्रणाली की डिजाइन

शासन के कार्य एवं निर्णय लेने में सहभागीत के लिए प्रणाली बनाने में शासन एवं नागरिक दोनो को इलेक्ट्रानिक प्रणाली के बारे में विश्वास बनाना बहुत आवश्यक होता हैं। कोई भी **e-engagement** प्रणाली बनाने से पहले निम्न बिदुओं का विष्लेशण करना आवश्यक है

1. मौजुदा प्रणाली के लाभ एवं सिमाए :- आम जनता को सरकारी निती निर्धारण पहले से कुछ प्रणालीयॉ उपस्थित हैं। इस प्रणालीयो के लाभो को **e-engagement** प्रणाली में शामील करना आवश्यक हैं। एक इसके सिमाओं को खत्म किया जाना चाहिए। वर्तमान सरकार कोई निती बनाने की सोचती है, तब वह समाचार पत्र, इलेक्टानिक मीडीया आदि में उसके बारे में बताती है, एव जनता की राय, विचार, सुझाव, एवं शिकायत आदि की मांग कीरती हैं। विभिन्न व्यक्ति पत्रों के द्वारा अपने विचार सरकार तक भेजते हैं। उन पत्रो के माध्यम से नागरीकों की सहभागीता निश्चत होती हैं।

Created by Universal Document Converter

इस पारंपरिक प्रणाली में सरलता है, लेकिन यह आसानी से सभी लोगों तक नही पहुच पाती हैं। इन लाभ हानीयों का विचार कर नइ प्रणाली बनाई जाती हैं।

2. संचार नेटवर्क की उपलब्धता :– किसी भी इंटरनेट पर आधारीत प्रणाली से पहले, उस नेटवर्क का विस्तृत जाल उपलब्ध होना चाहिए। यदि इस प्रकार की अधोसंरचना सभी जगह उपलब्ध नही है, तब इस प्रणाली को बनाने को कोई विशेष महत्व नही होता हैं।
3. कम्प्यूटर एवं इंटरेटर को प्रयोग करने वाली की संख्या :– यदि अधिकांश लोग कम्प्यूटर एवं इंटरनेट का उपयोग कर सकते है, तब ही इस प्रणाली की उपयोगीता है, अन्यथा इस प्रणाली को बनाना व्यर्थ साबित होता हैं।
4. आम जनता की डिजिटल प्रणाली में विश्वास :– समाज के बहुत से घटको का डिजिटल प्रणाली पर विश्वास नही होता हैं। यह प्रणाली बनाने से पहले सभी को इस प्रणाली की विश्वनियता समझाना आवश्यक हैं।
5. कितनी सीमा तक जनता को सरकारी निती निर्धारण में शामील करना है:– सरकार को सभी नितीयों में जनता को शामील करना है, कुछ नितीयों में ही शामील करना हैं। उसके अनुसार प्रणाली को डिजाइन किया जाता हैं।
6. **e-engagement** का उपयोग समाज के सभी तबके के लोग उपयोग कर पायेंगा या नही। यदि एक ही तबका प्रयोग कर पाता है, तक निती निर्धारण में सिर्फ उन्ही लोगों का सुना जायेगा
7. प्रणाली की लागत :– नई प्रणाली की लागत कितनी हो सकती है, तथा उतनी लागत लगाना उपयुक्त है या नही इसका भी विश्लेषण आवश्यक हैं।

Created by Universal Document Converter

5. Cyber crime से आपका क्या मतलब है? समझाइए

What do you mean by cyber crime ? Explain (June 15)

या

सायबर लॉ कि आवश्यकता समझाइए। सायबर अपराध के प्रकार समझाइए

Explain use of cyber law. and explain types of cyber law

उत्तर :– **cyber law की आवश्यकता**

वर्तमान जीवन शैली में कम्प्यूटर एवं संचार माध्यम यह अहम हिस्सा हो गये। इंटरनेट के प्रयोग हम बहुतसे कागजी कार्य कम्प्यूटर के माध्यम से हि कर लेते हैं। कम्प्यूटर का प्रयोग लगभग सभी क्षेत्रों में हो रहा हैं। दिनोदिन इंटरनेट के प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढते जा रही हैं। जैसे–जैसे प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ रही है, वैसे–वैसे उस माध्यम का अवांछित लाभ लेने वाले व्यक्तियों कि संख्या बढते जा रही हैं। वर्तमान में बैंक में कार्य के इंटरनेट का उपयोग प्रमुखता से हो रहा हैं। आर्थिक अपराध करने के लिए यह बहुत आसान माध्यम हो गया हैं। इंटरनेट के प्रयोगकर्ता पूरे विश्व में फैले है, इसलिए वांछित अपराधी को खोजना मुश्किल हो जाता हैं। इसके अलावा यदि अपराधी दूसरे देश में है, तब उसे सजा देना भी मुश्किल हो जाता हैं। इन कारणो सें अपरधियों को इंटरनेट के माध्यम से गैरकानूनी काम करना आसान लगता हैं। इंटरनेट के प्रयोग से बहुत गंभीर अपराध भी किये जाते है, जैसे धोखाधडी, डाटा का गलत इस्तेमाल आदि इसलिए सख्त सायबर कानून के आवश्यकता हैं। अच्छे सायबर कानून की सहायता से इस प्रकार के अपराधीयों को सजा देना आसान हो जाता है एवं पीडित व्यक्ति या संस्था को राहत दिलाई जा सकती हैं।

भारत में सायबर कानून

भारत में सायबर अपराधो की सजा देने के लिए **Information Technology Act 2000** बनाया गया हैं। इसमे यदि कोई अनाधिकृत

Created by Universal Document Converter

व्यक्ति डाटा चुराने, बदलने, नष्ट करने आदि में लिप्त पाया जाता है, उसे **section 43** के अंतर्गत अधिकतम 1 करोड के जुर्माने का प्रावधान हैं। इसमे पीडित व्यक्ति या संस्था को नुकसान के मुआवजे का भी प्रावधान हैं। यदि व्यक्ति **hacking** में दोषी पाया जाता है, तब उसे 3 साल का कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान हैं।

Cyber Law

किसी भी गैरकानूनी कार्य के लिए सूचना तकनीक या कम्प्यूटर का उपयोग किया जाता है, उसे **cyber crime** कहा जाता हैं। आधुनिक युग में बहुत से गैरकानूनी काम या अपराध करने के लिए कम्प्यूटर का प्रयोग किया जाता है, जैसे चोरी, धोखाधडी, जालसाजी, शरारत, आदि। सूचना तकनीक की प्रगती ने अपराधिक गतिवीधिंयो के लिए नई संभावनाएं भी बनाई हैं। इन प्रकार के अपराधो से निपटने के लिए **cyber law** बनाया गया हैं। **cyber crime** को दो तरीको में बाँटा जा सकता हैं।

किसी कम्प्यूटर को निशाना बनाना :– इस प्रकार में किसी कम्प्यूटर या कम्प्यूटर नेटवर्क को अवांछित तरीके से कब्जा करना, किसी वेबसाइट के घटक बदलना, किसी कम्प्यूटर पर वायरस डालना आदि शामिल हैं।

कम्प्यूटर का प्रयोग कर अपराध करना :– इस प्रकार के अपराधो में व्यक्ति या संस्था को कम्प्यूटर का प्रयोग कर नुकसान पहुंचाया जाता हैं। इस प्रकार में किसी अनैतिक जानकारीयो को लोगों तक पहुॅचांना भी शामिल हैं। सायबर आतंकवाद, बैंक एकाउंट से धोखाधडी, अश्लीलता आदि इस प्रकार के अपराधों में आते हैं।

निम्न प्रकार के कार्य **cyber crime** के अंर्तगत आते हैं।

Unauthorized access & Hacking

किसी भी कम्प्यूटर या कम्प्यूटर नेटवर्क में बिना अनुमति के प्रवेश करने को **unauthorçed access** या **hacking** कहा जाता हैं। अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा कम्प्यूटर नेटवर्क में किया गया कोई भी कार्य

Created by Universal Document Converter

इस अपराध की श्रेणी में आता हैं। जो व्यक्ति किसी नेटवर्क में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश करता है, उसे **hacker** कहा जाता हैं। इस प्रकार के हैकर ऐसे प्रोग्राम बनाते है, जो वांछित नेटवर्क पर आक्रमण कर सके। इस प्रकार के कार्य साधारणतः वित्तीय अपराधों में बहुताय होते हैं। जैसे किसी बैंक के नेटवर्क में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश कर उनके खाता धारको के एकाउंट से दूसरे एकाउंट में पैसे स्थानांतरित करना। किसी व्यक्ति के **credit card** कि जानकारी चुरा कर उसका दुरूपयोग करना आदि। वेब साइट के घटक अनाधिकृत तरीके से बदलने की क्रिया को **web hacking** कहा जाता हैं। भारत देश में **hacking** क्रिया को गैरकानूनी माना जाता है, तथा **information technology act 2008** के अंतर्गत तीन साल तक सजा एवं जुर्माने का प्रावधान हैं।

डाटा चोरी करना Data theft

किसी संस्था या व्यक्ति या कम्प्यूटर नेटवर्क में अधीकृत व्यक्ति के अनुमति लिये बिना उसके कम्प्यूटर के डाटा को कॉपी करना, उसे **share** करना **data** चोरी के अपराध श्रेणी में आता हैं। किसी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा किसी अन्य व्यक्ति या संस्था की अनुमति के बिना डाटा कॉपी करना गैर कानूनी माना जाता हैं। वर्तमान में बहुत से छोटे स्टोरेज डिवाइस जैसे पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड आसानी से उपलब्ध हैं। इन डिवाइस की सहायता से डाटा चुराना बहुत आसान हो गया हैं। इसमे **IT act 2008** के अंतर्गत सजा का प्रावधान हैं।

Spreading Virus or Worms कम्प्यूटर वायरस को फैलाना

जो प्रोग्राम किसी कम्प्यूटर या कम्प्यूटर नेटवर्क की अनुमति के बिना कम्प्यूटर में प्रवेश कर लेते है, उन्हे कम्प्यूटर वायरस की श्रेणी में डाला जाता हैं। साधारणतः वायरस या **worm** प्रोग्राम का काम किसी अन्य के कम्प्यूटर के डाटा को खराब करना हैं। इसलिए जो व्यक्ति या संस्था किसी ऐसे प्रोग्राम को अनावश्यक रूप से फैलाते है, उन्हे इस अपराध श्रेणी में रखा जाता हैं। बहुत से बडे नेटवर्क को यदि वायरस प्रभावित

Created by Universal Document Converter

करे, तब बहुत बड़ा नुकसान हो सकता हैं। उदाहरण के लिए किसी विमान सेवा के कम्प्यूटर में वायरस ने डाटा को बदल दिया है, तब कोई प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो सकता हैं। यद्यपि सभी बडे कम्प्यूटर नेटवर्क में वायरस से कम्प्यूटर को बचाने की प्रणाली होती हैं। भारतीय **IT act 2008** के **section 43 (c)** एवं 43 **(e)** के अंतर्गत वायरस फैलाने के कार्य के लिए सजा का प्रावधान हैं।

Identity theft पहचान चुराना

किसी अन्य व्यक्ति की पहचान चुरा कर कम्प्यूटर नेटवर्क पर कार्य करना इस अपराध श्रेणी में आता हैं। कम्प्यूटर नेटवर्क पर स्वयं की पहचान बचा कर, स्वयं को दूसरे के नाम से प्रस्तुत करना, उसके नाम पर कोई घपला करना, वेबकूफ बनाना **IT act** के अंतर्गत अपराध हैं। इसके अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का पासवर्ड का प्रयोग करना, उसकी **digital signature** की नकल करना भी इस अपराध की श्रेणी में आते हैं। किसी अन्य के नाम का प्रयोग कर अवांछित लाभ लेना, धोखाधडी करना भी इस प्रकार के अपराध में आते हैं। जिस व्यक्ति की पहचान चुराई गई है, उसे अनावश्यक रूप से कानूनी उलझनों का सामना करना पडता है, बहुत बार बड़ा नुकसान भी हो सकता हैं। उदाहरण के लिए आपके बैंक एकाउंट को कोई अन्य व्यक्ति आपकी पहचान चुरा कर प्रयोग कर रहा हैं। या आपकी पहचान चुराकर दूसरी जगह धोखाधडी के लिए प्रयोग कर रहा हैं। इसलिए कम्प्यूटर नेटवर्क पर अपने पासवर्ड, व्यक्तिगत जानकारीयॉ सार्वजानिक ना करे। **IT act 2008 Section 66 –C** के अंतर्गत सजा का प्रावधान हैं।

Trojan Attack

trojan उस प्रोग्राम को कहा जाता है, जो दिखते तो उपयोगी है, लेकिन उनका कार्य कम्प्यूटर या कम्प्यूटर नेटवर्क को नुकसान पुहॅचाना होता हैं।

Created by Universal Document Converter

Unit 2

2. **e-commerce के बुनियादी लाभ परिभाषित कीजिए । समझाइए define basic benefits of e-commerce, explain (June19, June 15)**

   या

   E-commerce के impact और benefits पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

   write short note on benefits and impact of e-commerce (June 16)

   या

   ई–कामर्स के प्रभावो का समझाइए। एवं ई कामर्स के लाभ एवं हानियाँ समझाइए

   Explain effects of e-commerce and write advantages and disadvantages of e-commerce (Jan 17)

उत्तर :– ई–कामर्स का प्रभाव

ई–कामर्स प्रणाली ने व्यापार करने का तरीका बदल दिया हैं। इस प्रणाली से व्यापार में बहुतसे नये आयाम जुड गये हैं। ई–कामर्स से निम्न तरीके से बदलाव आये है

- अब किसी व्यापार के लिए भौगोलिक सीमा नही रही है, वह दुरस्थ देशों में भी अपने उत्पाद सेवा आदि बेच सकता हैं।
- इस प्रणाली से व्यापार करने का तरीका बदल गया है, अब व्यापारी को अपने प्रत्येक उत्पाद या सेवा को अच्छे तरीके के पेश करना पडता है, उत्पाद की जानकारी अधिक से अधिक प्रयोगकर्ता तक पहुंचना पडता हैं। आपूर्ति एवं डिलीवरी का तरीका बदल गया हैं।

Created by Universal Document Converter

- इस प्रणाली से व्यापार में पारदर्शिता आ गई हैं। वस्तु या सेवा की सभी जानकारीयॉ साईट पर दी होती हैं। यदि नही दि है, तब ग्राहक उसे आसानी से प्राप्त कर सकता हैं।
- ग्राहक के लिए एक प्रकार के उत्पाद को प्राप्त करने के बहुत से विकल्प उपलब्ध हो गये हैं।
- वेबसाइट बनाना, सर्वर बनाना आदि नये व्यापार का सृजन हुआ हैं।
- जो वेब साईट उत्पाद का व्यापार करती है, वह साधारणतः बहुत अधिक **inventory** नही रखती हैं। इससे रखने की लागत कम हो जाती है, जैसे गोडाउन का किराया, इलेक्ट्रीक बिल, आदि । सामान को संभालने की लागत भी कम हो गई है, जैसे समान का बीमा, चौकीदार आदि।
- ग्राहक के समय, पैसे आदि की बचत होती हैं।

ई–कामर्स के लाभ

1. कंपनी बहुत कम लागत से विश्व के सभी कोने के लोगों तक पहुंच सकती हैं। पारंपरिक प्रणाली में जहाँ पर आपकी दुकान है, उसी के आस पास के खरीददार आप तक आते है, लेकिन इस प्रणाली आपके उत्पाद को विश्वभर कही से देख एवं खरीदी कर सकते हैं। इस प्रणाली से आपके विज्ञापन, कमीशन आदि खर्चे बच जाते हैं।
2. कंपनी अपने ग्राहकों से सीधे जुडी रहती है, इसलिए सभी तरह की शिकायत, सुझाव तेजी से अमल में लाए जा सकते हैं।
3. ब्रिकी या खरीदी किसी भी समय (दिन या रात) या छुट्टी के दिन कि जा सकती हैं।
4. इस प्रणाली से उत्पाद या सेवा की खरीदी कम्प्यूटर से दि जाती है, जिससे ग्राहक की दुकान तक जाने का समय, खर्चा आदि में बचत होती हैं।
5. साधारणतः ई–कामर्स में खरीदी के लिए एक फार्म भरना पडता है, कंपनी उस ग्राहक का नाम, पता, फोन नं, ई मेल पता इत्यादि अपने पास रखती हैं। यदि उस कंपनी का नया उत्पाद आता है, तब उसके

Created by Universal Document Converter

बारे में जानकारी बहुत आसानी से संभावित ग्राहको तक पहुंचा सकती हैं।

6. ग्राहको का डाटाबेस रहने से, ग्राहको की चाहत, उत्पाद के बारे में उनकी सूचना इत्यादि आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।
7. कुछ वेब साईट अलग–अलग कंपनीयों के एक समान उत्पाद का व्यापार करती है, उदाहरण के लिए कुछ वेब साईट विभिन्न कंपनीयों के मोबाइल फोन की जानकारी दर्शाती हैं। इससे ग्राहक विभिन्न उत्पादों के बीच में तुलना कर, अच्छा सौदा कर सकता हैं।
8. इसमे बिचौलिए नही होते है, इसलिए ग्राहक तक कंपनी का original माल ही पहुंचता हैं।
9. सेवा संबंधि उत्पाद में आसानी से सेवा के बारे में जानकारी दी या ली जा सकती हैं। उदाहरण के लिए किसी ग्राहक को कोई होटल का रूम बुक करना है, पांरपरिक पद्धति से वह ग्राहक उस रूम या होटल को नही देख सकता, लेकिन इंटरनेट के द्वारा वह आसानी से इच्छित रूम को देख कर उसे बुक कर सकता हैं।
10. कंपनी का बडे शोरूम बनाने का एवं उसके प्रबंधन करने का खर्चा बच जाता हैं।
11. वर्तमान में कम्प्यूटर एवं इंटरनेट को कनेक्शन सस्ता हो गया है, इसके कारण इस प्रणाली से कोई वस्तु खरीदना पांरपरिक प्रणाली से सस्ता पडता हैं।
12. कुछ प्रोडेक्ट सीधे ही कम्प्यूटर पर डाउनलोड हो जाते है, जैसे गाने, सॉफ्टवेअर इत्यादि। अर्थात कुछ सेवाओ की डिलीवरी तुरंत हो जाती हैं।
13. किसी उत्पाद या कंपनी के बारे में आसानी से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कुछ उत्पाद या सेवाओं के बारे कुछ उपयोगकर्ता अपनी राय भी रखते है, जिससे उत्पाद चुनने में आसानी होती हैं।
14. खरीदी की गोपनीयता रहती हैं। क्योकि ग्राहक किसी वस्तु का आर्डर अपने घर से ही देता है, तथा वह वस्तु सीधे उसके घर पर ही पहुंचती हैं।

Created by Universal Document Converter

ई–कामर्स निम्न व्यापार में उपयोगी है

कुछ आनलाइन शॉपिग से वस्तु खरीदना जैसे कैमेरा, किताब, रेडिमेड कपडे, सॉफ्टवेअर इत्यादि कुछ ऑनलाइन शॉपीग **yahooshopping, India shopping, Rediff shopping, Amazon bookstore** इत्यादि उपलब्ध हैं।

ऑनलाइन बैंकींग के माध्यम से ग्राहक आसानी से अपना पैसा एक एकांउट से दूसरे अकांउट में भेज सकता हैं।ऑन लाइन स्टाक ट्रेडिंग से शेयर मार्केट का काम काफी आसान एवं पारदर्शी हो गया हैं।

ई–कार्मर्स की सिमाए,

1) ई–कामर्स जल्दी खराब होने वाले उत्पाद जैसे फल, सब्जी, में उपयोगी नही हैं। साथ ही ऐसे उत्पाद में भी उपयोगी नही है, जो लोकल ही बनते है, तथा वही बिकते है जैसे बर्तन, छोटे औजार इत्यादि।
2) वर्तमान में भी इंटरनेट का उपयोग सीमित है, इसलिए सभी व्यक्तियों तक उत्पाद नही पंहुचते हैं।
3) ई–कामर्स के वेब साईट, इमेल आदि की सुविधा देना पडता है, जो छोटे व्यापारी के लिए मंहगा साबित होता हैं।
4) ऐसे उत्पाद जिसका गुणवत्वा स्पर्श कर हि जानी जा सकती है, वैसे उत्पाद में यह प्रणाली कारगर नही हैं। जैसे कोई चमडे का बैग, कपडे आदि की क्वालीटी स्पर्श कर ही जानी जाती हैं।
5) नये ग्राहक के लिए, इस प्रणाली में खरीददारी करने में मुश्किल होती हैं।
6) ग्राहक के क्रेडीट कार्ड की जानकारी आसानी से चुराई जा सकती हैं।
7) ग्राहक किसी उत्पाद को लेने के पहले उसे जांच नही सकता हैं।
8) कभी कभी ग्राहक का भुगतान होने के बाद भी वह वस्तु ग्राहक तक नही पहुंचती ।
9) यदि ग्राहक किसी वस्तु से असंतुष्ट है, तब उस वस्तु को वापस करना या बदलना बहुत मुश्किल हो जाता हैं।

Created by Universal Document Converter

10) सर्वर बंद होने से या उसमे कुछ खराबी आने से उस कंपनी का व्यापार रूक जाता हैं।

5. इलेक्ट्रानिक भुगतान पद्धती के लाभ एवं कमीयॉ लिखिए describe advantages and disadvantage of electronic payment system

उत्तर :– **इलेक्ट्रानिक भुगतान पद्धति के लाभ**

कम तकनीकी लागत :– वर्तमान में कम्प्यूटर एव इंटरनेट पर जुडने की लागत कम होते जा रही हैं। जिससे किसी कार्य के लिए भुगतान करना सस्ता हो रहा हैं।

परिचालन एवं रखरखाव लागत में कमी :– जैसे–जैसे इस प्रकार में लगने वाले तकनीक की लागत कम हो रही है, वैसे–वैसे व्यपारिक लेन–देन की लागत भी कम हो रही हैं। इस प्रकार की प्रणाली में समय एवं कागज में बचत होती हैं।

भुगतान के विभिन्न विकल्प :– आप विभिन्न विकल्पों द्वारा भुगतान कर सकते है, जैसे Credit card, Debit card, ATM machine, e-banking, e-wallet आदि,

सुविधाजनक :– पारंपरिक भुगतान प्रणाली में जिसको भुगतान करना है, या तो उसे व्यक्तिगत रूप से जाना पडता है, या चेक या अन्य भुगतान पेपर लेकर किसी दूसरे व्यक्ति को भेजना पडता हैं। लेकिन इलेक्ट्रानिक भुगतान पद्धति में भुगतान करने वाला व्यक्ति अपने घर या ऑफिस से कम्प्यूटर पर ही भुगतान कर सकता हैं।

सुरक्षित :– एक जगह से दूसरे जगह नगद ले जाने की अपेक्षा इस पद्धति से भुगतान करना अधिक सुरक्षित हैं। यदि बैंक चेक द्वारा भी भुगतान किया है, तब भी चेक खोने का या चेक का दुरउपयोग होने की संभावनाएँ बनी रहती हैं।

वर्तमान सभी बडी कंपनीयॉ, बैंक आदि इस प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान में बहुत सी सेवाए जैसे, बिजली बिल का भुगतान, बीमा

Created by Universal Document Converter

पॉलीसी का भुगतान आदि इस माध्यम से कर सकते हैं। वर्तमान में ना सिर्फ कम्प्यूटर से अपितु मोबाइल फोन से भी इस पद्धति का प्रयोग कर सकते हैं।

इलेक्ट्रानिक भुगतान पद्धति की कमीयॉ

इनेक्ट्रानिक भुगतान पद्धति की निम्न कमीयॉ है

1ए किसी भी इलेक्ट्रानिक भुगतान में **user id** एवं पासवर्ड दिया जाता है, यदि पासवर्ड किसी गलत व्यक्ति के हाथ पहुच जाता है, तब मूल प्रयोगकर्ता को बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता हैं।

2ए इंटरनेट के व्यापक रूप के कारण किसी व्यक्ति ने आपके बैंक एकाउंट छेडछाड कि है, तब उसे ढुंढ पाना बहुत मुश्किल होता हैं।

3ए इस प्रणाली से किसी की पहचान की चोरी होना बहुत बड़ा जोखीम हैं। पहचान चुराने वाला व्यक्ति अन्य व्यक्ति के नाम से लेनदेन कर सकता हैं।

4ए यदि प्रणाली में कोई समस्या आ गई हो, तो संपूर्ण आर्थिक लेन–देन रूक जाता हैं।

5ए यदि प्रणाली कम्प्यूटर वायरस से प्रभावित हो गई हो, तो बहुत बडे अनियमित लेन–देन हो सकते हैं।

6ए यदि किसी व्यक्ति का क्रेडीट कार्ड, डेबीट कार्ड खो जाता है, तब उसके गलत उपयोग की संभावनाए बहुत बढ जाती हैं।

7ए भुगतान करने के बाद यदि कोई गलती पता चलती है, तब उसे वापस ठीक नही किया जा सकता हैं। उदाहरण के लिए आपने रकम के कॉलम **4000** के जगह गलती से **40000** डाल दिये हैं। यदि इस प्रकार की गलती कोई ई–कामर्स व्यापारिक साइट पर हो गई है, तब उस रकम को वापस पाना बहुत मुश्किल हो जाता हैं।

8ए इसके द्वारा किया गया लेन–देन रद्द नही किया जा सकता हैं। उदाहरण के लिए आपने किसी दुकान में एक वस्तु का भुगतान क्रेडीट कार्ड से कर दिया है, लेकिन आपको वह वस्तु किसी कारणवश नही लेना है, तब इस प्रणाली में उस भुगतान को वापस नही लिया जा सकता हैं।

Created by Universal Document Converter

Unit -3

6. Hands off क्या होता है, विस्तार से समझाइए? hands off किस तरह कार्य करता है?
What is hands off? how hands off work? (Jan 19)
या
Hands off और base station पर लघु नोट लिखिए
write short notes on hands off and base station June 15)

उत्तर :– **hands off की अवधारणा**

सेलुलर प्रणाली में दो प्रयोगकर्ता के बीच ध्वनी के माध्यम से एक दूसरे से कम्युनिकेशन होता हैं। इसमे दोनों प्रयोगकर्ताओं के पास एक मोबाइल डिवाइस होता है, जो एक जगह से दूसरे जगह आसानी से ले जाया जा सकता हैं। जब कोई मोबाइल फोन प्रयोगकर्ता बात करते हुए किसी सेल कि सीमा से बाहर जाता है, तब उसके सिग्नल कमजोर होते जाते हैं। **hands off** कि प्रक्रिया में पहला **MSC (Mobile switching center)** नये फ्रिक्वेंसी चैनल में कॉल को स्थानांतरित करने का निवेदन करता हैं। यह नई फ्रिक्वेंसी अगले सेल कि होती हैं। **MSC** स्वचलित रूप से कॉल को अगले बेस स्टेशन के फ्रिक्वेंसी पर स्थानांतरित कर देता हैं। तथा जब तक कॉल प्रयोगकर्ता बंद नही करता, तब तक चलता हैं। **hands off** को निम्न तरीके से परिभाषीत किया जा सकता हैं।

जब सेलुलर मोबाइल फोन दूसरे फ्रिक्वेंसी क्षेत्र में जाता है, तब स्वचलित तरीके से उसे दूसरे फ्रिक्वेंसी पर स्थानांतरित किया जाता है, जिससे फोन पर कार्य जारी रहता है, इस क्रिया को **hands off** कहा जाता हैं।

hands off प्रक्रिया में ना सिर्फ नये बेस स्टेशन की पहचान कि जाती है, अपितु उसे ध्वनी एवं कंन्ट्रोल सकंतो को भी नये चैनल के साथ जोडा जाता हैं। **hands off** कब होना चाहिए यह भी महत्वपूर्ण है, यदि **hands off** करने में देरी होती है, तब काल बंद हो सकता हैं। काल बंद ना हो

Created by Universal Document Converter

इसलिए बेस स्टेशन मोबाइल फोन के संकेतो पर निगरानी रखता है, तथा जैसे हि उसे संकेत कमजोर होते दिखते है, वह **hands off** प्रक्रिया चालु कर देता हैं। संकेतो को निरंतर देखना आवश्यक है, अन्यथा काल बंद हो सकते है या अनावश्यक रूप **hands off** हो सकता हैं। **hands off** कि क्रिया किसी मोबाइल फोन पर संकेत बहुत कमजोर होने के पहले पूर्ण हो जानी चाहिए। **hands off** की प्रक्रिया को लगने वाला समय यह मोबाइल फोन की गति पर निर्भर होती हैं।

सेलुलर मोबाइल प्रणाली में **hands off** बहुत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे प्रयोगकर्ता मोबाइल फोन पर बिना किसी व्यवधान के एक जगह से दूसरे जगह जाते हुए बात कर सकता हैं। यद्यपी मोबाइल फोन के प्रयोगकर्ता को **hands off** प्रक्रिया का पता नही चलता हैं।

hands off की योजना

सेलुलर प्रणाली में **hands off** प्रक्रिया का बहुत महत्व, इसलिए इसे अच्छी तरीके से कार्यान्वित होना आवश्यक हैं। **hands off** सही तरीके से कार्य करे इसके लिए निम्न योजना बनाई जाती हैं।

1. सेलुलर नेटवर्क में **hands off** कार्य को सबसे पहली प्राथमिकता दी जाती हैं।
2. **hands off** कि प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होनी चाहीए ।
3. सेलुलर प्रणाली में कौन से संकतो स्तर पर **hands off** होना इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।
4. किसी भी सेल में उसका निम्नतर संकेत स्तर निश्चित किया जाना चाहिए, उसे कुछ ही ऊपर के स्तर पर **hands off** हो जाना चाहिए। संकेतो के निम्नतर स्तर को Pr, minimum से दर्शाया जाता है, तथा जहाँ पर **hands off** होना है, उसे Pr, threshold से दर्शाया जाता हैं।
5. दोनो के बीच के अंतर को **Delta** से दर्शाया जाता हैं।
   σ= Pr, threshold- Pr, minimum
6. डेल्टा का मान ना तो बहुत अधिक ना ही बहुत कम होना चाहिए। किसी **hands off** प्रक्रिया में इस का मान बहुत महत्वपूर्ण होता हैं।

Created by Universal Document Converter

यदि डेल्टा का मान बहुत कम होता है, तब कॉल बंद होने कि संभावना बनी रहती हैं। यदि डेल्टा का मान बहुत ज्यादा है, तब अनावश्यक रूप से **hands off** हो सकती हैं।

7. किसी भी प्रकार संकेतो को क्षीण होने के कारण जांचना आवश्यक है, संकेतो का स्तर कवरेज क्षेत्र से दुर जाने के कारण हि होना चाहिए। अन्य कारणो ये यदि स्तर कम होता है, जैसे मोबाइल फोन में समस्या आदि ।

Hands off के लाभ

hands off प्रणाली के निम्न लाभ है

2. मोबाइल प्रयोगकर्ता को इच्छित जगह **(coverage** क्षेत्र के अंदर) फोन प्रयोग करने की आजादी होती हैं।
3. मोबाइल फोन के बीच बंद होने की समस्या बहुत कम हो जाती हैं।
4. एक दूसरे से जुडे हुए सेल के बीच कार्य भार का संतुलन हो जाता हैं।

14. मोबाइल के पिढींयों को विस्तार से समझाइए **Explain generation of mobile in detail (Jan 20)**

उत्तर :– टेलिफोन का आविष्कार 1876 में **Alexander Gr)aham Bell** ने किया था, जिसके द्वारा पहली बार दूर बैढे व्यक्ति से बात कि गई। उसके बाद इस क्षेत्र निरंतर विकास होते गया, पहले टेलिफोन वायर के साथ जुडे होते थे, उसे बाद वह **wireless** हो गये, फिर उसे विभिन्न सुविधायें जुडते गई। **wireless** टेलिफोन के संपूर्ण विकास को विभिन्न टेलिफोन या संचार माध्यम के पिढियों बांटा गया, जिसे **Generation** कहा जाता है। जैसे फोन या संचार माध्यम नई क्रांती आयी है, वैसे से उसें नई पिढ़ी में डाला गया है। वर्तमान में हम जो प्रयोग कर रहें है, वह इस तकनीक की चौथी पिढ़ी है, जिसे **4G (4^{th} Generation)** कहा जाता है। टेलिफोन प्रणाली कि निम्न पिढ़ीयॉ है

1G (First Generation)

Created by Universal Document Converter

2G (Second Generation)
3G (Third Generation)
4G (Fourth Generation)

1G (First Generation)

सन 1980 में टेलिफोन में **wireless** तकनीक पहले बार प्रयोग कि गई, इस प्रकार के मोबाइल फोन में **analog communication** का प्रयोग किया गया था। इसे 1983 में मोटारोला कंपनी ने बाजार में लाया था। इस मोबाइल का आकार आज के तुलना में बडा था। इसमें फोन पर बात करने के अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा नही थी। इसे मुख्यतः गाडीयों में **install** करने के लिए डिजाइन किया गया था।

2G (Second Generation)

1990 के दशक में इस पिढ़ी के मोबाइल का प्रयोग आरंभ हुआ। यह पहले पीढी के मोबाइल से बहुत अलग था, इसमें ध्वनी स्थानांतरण के लिए डिजिटल संकेतो का प्रयोग किया गया था। इस में फोन डिवाइस का आकार बहुत छोटा हो गया था, कोई भी इस डिवाइस को आसानी से साथ में ले जा सकता था। भारत देश में इस पिढ़ी के मोबाइल से ही , मोबाइल फोन का उपयोग बढा था। इसमें फोन पर बातें करने के अतिरीक्त **short message service (SMS)** की भी सुविधा थी। बाद में इसमें इंटरनेट की सुविधा प्राप्त हो गई थी, लेकीन इस इंटरनेट की गति बहुत कम थी। मोबाइल की इस पिढ़ी से मोबाइल का प्रयोग बहुत अधिक होने लगा। लगभग प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल का उपयोग कर रहा था। इसमे प्राय **GSM** और **CDMA** दो प्रकार की तकनीक का प्रयोग किया गया था।

3rd Generation

सन 2001 मे मोबाइल का **3rd generation** को बाजार में लाया गया, इसकी मुख्य विशेषतः इसकी इंटरनेट की डाटा स्थानांतरण की गति बहुत तेज होना है। साथ ही ना सिर्फ टेक्स्ट मैसेज अपितु पिक्चर, मुवी मैसेज आदि भेजना इस मे संभव हुआ। इसमे डाटा स्थानांतरण के लिए **broadband** का उपयोग किया गया है। तथा इसमे **data access** की

Created by Universal Document Converter

उपलब्धता हमेशा रहती है, जहाँ पर मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध है, वहाँ पर इंटरनेट भी प्रयोग कर सकते है। स्मार्टफोन या टचस्क्रिन के फोन का उपयोग इस तकनीक में ही प्रारंभ हुआ। इसमें मोबाइल सर्विस देने वाली कंपनियाँ सिर्फ **voice call** के अतिरीक्त अन्य सेवाएं देने में सक्षम हो गई है। इस तकनीक में **broadband** के बेहतर तरीके से उपयोग किया जा सकता है। इसमें ना सिर्फ मोबाइल फोन के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग किया जा सकता है, अपितु **wireless modem (Dongles)** के माध्यम से कम्प्यूटर या स्मार्ट टिवी आदि में इंटरनेट पर कार्य किया जा सकता है। इसमें **GPS (Global positioning system)** का भी प्रयोग किया जा सकता है, जिससे **live map** आदि की सुविधा प्राप्त होती है। इसमें इंटरनेट के उपयोग के लिए मुख्यतः दो तकनीक का उपयोग किया जाता है, **HSDPA (High speed download packet access) HSUPA (high speed upload packet access)**. इस तकनीक की डाटा सुरक्षा **2G** तकनीक से बहुत अच्छि है।

4G (Fourth Generation)

वर्तमान में यह आधुनिकतम तकनीक है, यद्यपि बहुतसे नये संशोधन हो रहे है, जिससे इसमें भी उन्नत तकनीक आने की संभावनायें है। इस पीढी के तकनीक में सभी प्रकार कार्य यह **IP** प्रणाली द्वारा किये जाते है। इसमे **voice call, message, internet** आदि सभी कें **IP** प्रणाली का प्रयोग होता है। इसकी इंटरनेट की गति **3G** की तुलना में अधिक होती है। **3G** तकनीक जहाँ वाइड एरिया नेटवर्क पर काम करती है, वहां 4जी लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) और बेस स्टेशन वाइड एरिया नेटवर्क पर काम करती है। इस पीढी को दो भागों में बाटां गया है, **4G-LTE** और **4G-LTE Advanced** . **4GLit** की इंटरनेट गति **advance** से कम होती है।

Created by Universal Document Converter

Unit-4

